an>

Title: Need to open Kendriya Vidyalaya in Nagaur Parliamentary Constituency in Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : परम सम्माननीय सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं आपका हृदय से शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का समय दिया। मैं नागौर, राजस्थान से आता हूं, नागौर की एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसके बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं।

इस जिले की जनसंख्या 32 लाख है और नागौर शहर की पापुलेशन 1.4 लाख है। आजादी के बाद से आज तक वहां हर घर में एक सैनिक मिल जायेगा। लेकिन इसके बावजूद भी वहां कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुल पाया। अब एक साल से केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए सिद्धांततः केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। The Government of Rajasthan has allotted 15 acres of land for the Central school but still क्रियान्विति में नहीं आया है। मेरा आपसे अनुरोध है कि जब तक वहां भवन नहीं बने, तब तक राजस्थान सरकार एक स्कूल भवन देने के लिए तैयार है और बाकी वहां सारी सुविधाएं हैं, बच्चे तैयार हैं। लेकिन यहां से एक फॉर्मल आर्डर निकलना है।

इसलिए सभापति महोदय मैं आपके मार्फत केन्द्रीय एचआरडी मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वह इसी सैशन से इस केन्द्रीय विद्यालय को चालू करें, ताकि बच्चों को और जिले के लोगों को उसका फायदा मिल सके। धन्यवाद।